# II-TERM EXAMINATION : 2023-24

**CLASS - X (ICSE)**

Time: 3 hrs. **HINDI** M.M.: 80

Note :- Answer to this paper must be written on the paper provided separately.
You will not be allowed to write during the first 15 minutes.
This time is to be spent in reading the question paper . The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.
Section -A is compulsory. All questions in Section A must be answered. Attempt any four questions from Section-B answering at least one question each from the two books you have studied and any two questions from the same books you have studied.
The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ] .

## SECTION- A

**(Attempt all questions from this Section.)**

Q.1 **Write a short Composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics.** [15]

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए–**

(i) "महिलाएँ अबला हैं अथवा सबला।" विषय के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(ii) आपके माता– पिता ने जीवन में अनेक कष्टों को केवल आपको सुखी जीवन देने के लिए सहा है। उनके इस व्यवहार से आपने क्या सीखा है?

(iii) मनुष्य के जीवन का आधार प्रकृति प्रदत्त उपादान हैं। इनके अभाव में मनुष्य के जीवन की कल्पना करते हुए अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(iv) विद्यालय में अपने प्रथम दिन के अनुभव का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(v) "जहाँ सुमति तहँ संपत्ति नाना"। उक्ति को आधार बनाकर मौलिक कहानी लिखिए।

(vi) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए। चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।



Q.2 **Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below:** [7]

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए–**

(i) जीवन मूल्यों का महत्त्व बताते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।

अथवा

(ii) अपनी योग्यताओं का विवरण देते हुए प्राथमिक शिक्षक पद के लिए अपने जिले के शिक्षा–अधिकारी

को आवेदन–पत्र लिखिए।

Q.3 **Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible:**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए:–**

समाज– सेवा का क्षेत्र अनन्त है। गर्मी के दिनों में यात्रियों को पानी पिलाने वाला अथवा बड़ी–बड़ी धर्मशालाएँ निर्मित कराने वाला या दरिद्रों को रोटियाँ बाँटने वाले सभी समाज– सेवक हैं। धनी व्यक्ति कुएँ, तालाब और नहरें खुदवाकर तथा विद्यालय, धर्मशाला, पुस्तकालय, अस्पताल तथा अनाथालय बनवाकर समाज की सेवा करते हैं। साहित्यकार और उपदेशक अपनी लेखनी और वाणी से समाज में चेतना का अंकुर उपजाते हैं और उन्हें संजीवनी बूटी पिलाकर समाज की सेवा करते हैं। सड़क बनाने वाले, सफाई करने वाले समाज के वैसे ही सेवक हैं, जैसे संसद में कानून बनाने वाले और हमारे देश की रक्षा करने वाले। जो किसान साधारण कपड़ा लपेटे चिलचिलाती धूप में, शिशिर के पाले में और मूसलाधार पानी में खेतों पर काम करता है, उसकी सेवा उन वकीलों और डाक्टरों से कम नहीं है, जो सैकड़ों रुपये के सूट या अचकन पहन कचहरियों या अस्पतालों में लोगों को कष्ट और यातना से छुटकारा दिलाते हैं। किसकी सेवा कम है या किसकी अधिक। इसकी तुलना करना वैसे ही असम्भव है, जैसे यह बताना कि शरीर में हाथ का काम पाँव के काम से अच्छा है। बुद्ध, ईसा और गाँधी इसलिए अमर हैं क्योंकि उन्होंने मानव समाज की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

समाज– सेवा के लिए सब काम, सब धर्म, सब जातियाँ, स्त्री–पुरुष, पूरब– पश्चिम, उत्तर–दक्षिण बराबर हैं। उसके हृदय में बस एक आग जलती है। मनुष्य मात्र की सेवा किस प्रकार की जाए। हम सब अपने–अपने क्षेत्र में सेवा कर सकते हैं। रोगी को पुस्तक बाँचकर सुना देना, बूढ़े को रास्ता बता देना, दुर्बल को सड़क के इस पार से उस पार पहुँचा देना, प्यासे को पानी पिला देना, अशक्त का पत्र डाक में डाल आना आदि अनेक ऐसी सेवाएँ हैं, जो बालक–बालिकाएँ अपने फालतू समय में कर सकते हैं। इसका कोई पुरस्कार नहीं मिलता, मिलता है अपनी आत्मा को सन्तोष।

क) समाज– सेवक कौन लोग होते हैं? [2]

ख) किसी की सेवा की तुलना क्यों नहीं की जा सकती है? [2]

ग) बुद्ध, ईसा और गाँधी क्यों अमर हैं? [2]

घ) विद्यार्थी किस प्रकार सेवा कर सकते हैं? [2]

ङ) समाज सेवा का किस रूप में पुरस्कार मिलता है? [2]

Q.4 **Answer the following according to the instructions given-**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–**

(i) 'दण्ड' का विलोम बताइए– [1]
   (a) सजा   (b) कारावास
   (c) पुरस्कार   (d) भेंट

(ii) 'पवित्र' का पर्यायवाची है– [1]
   (a) हय   (b) प्रवीण
   (c) शुचि   (d) अमिय

(iii) 'संस्कृति' की भाववाचक संज्ञा है– [1]
   (a) सांस्कृतिक   (b) संस्कृत
   (c) संस्कार   (d) सांसारिक

(iv) 'गाँव' का विशेषण होगा– [1]
   (a) गँवार   (b) गाँववासी
   (c) ग्रामीण   (d) ग्राम

(v) 'तनखवाह' का शुद्ध रूप होगा– [1]
   (a) वेतन   (b) आमदनी
   (c) तनख्वाह   (d) तनखाह

(vi) 'दिन फिरना' मुहावरे का अर्थ है– [1]
   (a) बुरे दिन आना   (b) दिन बदल जाना
   (c) अच्छे दिन आना   (d) मुसीबत आना

(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य चुनिए–

रेखांकित शब्द का शद्ध रूप लिखें– [1]

बालिकाएँ <u>गुड़ियों</u> से खेल रही हैं।

(a) बालिकाएँ गुड़िया से खेल रही हैं।

(b) बालिकाएँ गुड़ियाँ से खेल रही है।

(c) बालिकाएँ गुड़ियाँ से खेल रही हैं।

(d) बालिका गुड़ियाँ से खेल रही हैं।

(viii) 'माली पौधों को पानी दे रहा है'– भूतकाल में बदलने पर वाक्य होगा– [1]

(a) माली ने पौधों को पानी दिया।

(b) माली पौधे को पानी दे रहा है।

(c) माली पौधों को पानी दे रहा था।

(d) माली पौधों को पानी देता था।

## <u>SECTION- B</u>

**(Attempt four questions from this section.)**

You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions.

**साहित्य सागर–संक्षिप्त कहानियाँ**

**Q.5 Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–**

"भाइयों और बहनों, अब भय मत करो। भेड़िया राजा संत हो गये हैं। उन्होंने हिंसा बिल्कुल छोड़ दी है।"

(i) किसके दर्शन के लिए भोली–भाली भेड़ें इकट्ठी हो गईं थीं ? [2]

(ii) भेड़ों को देखकर रंग बदले भेड़ियों की क्या प्रतिक्रिया थी? [2]

(iii) हृदय परिवर्तन की बात किसके लिए व क्यों कही गई है? जीव– मात्र की सेवा में अपना जीवन किसने अर्पित कर दिया था? [3]

(iv) चुनाव का क्या परिणाम हुआ? इस कहानी के माध्यम से लेखक क्या स्पष्ट करना चाहते हैं ? [3]

**Q.6 Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–**

"क्या............!" चित्रा की ऑखें विस्मय से फैली रह गईं।

"क्या सोच रही है चित्रा ?"

(i) ऐसी क्या बात हुई जिसे सुनकर चित्रा की ऑखें फैली की फैली रह गईं ? समझाकर लिखिए। [2]

(ii) किस तस्वीर को प्रथम पुरस्कार व प्रसिद्धि मिली थी? वह किस स्थान का चित्र था? [2]

(iii) अरूणा के किन शब्दों से चित्रा सोच में पड़ गई और अपने ही विचारों में खो गई ? चित्रा की सोच के आधार पर अपने विचार लिखिए। [3]

(iv) "कला को सत्य, शिव और सुन्दर होना चाहिए"। कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए। [3]

**Q.7 Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–**

"अच्छा, हमारे साथ चल"। "वह साथ चल दिया।"

(i) उपर्युक्त वाक्य किसने–किससे कहे? वह उसे साथ चलने के लिए क्यों कह रहे थे? [2]

(ii) वक्ता उसे कहाँ किसके पास ले गए? उसका क्या परिणाम निकला? [2]

(iii) बालक के प्रति किसके मन में क्या आशंका थी? उन्होंने बालक के साथ कैसा व्यवहार किया ? [3]

(iv) बालक का परिचय अपने शब्दों में दीजिए। [3]

## साहित्य–सागर (पद्य–भाग)

Q.8 **Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–**

"जब तक मनुज–मनुज का यह सुख भाग नहीं सम होगा।
शमित न होगा कोलाहल संघर्ष नहीं कम होगा।।
उसे भूल वह फँसा परस्पर ही शंका में भय में।
लगा हुआ केवल अपने में और भोग संचय में।।"

(i) सुखभाग से क्या तात्पर्य है? सुखभाग कैसे तथा कब सम होगा ? [2]

(ii) प्रस्तुत पद्यांश में मनुष्य के किस स्वभाव के विषय में बताया गया है ? [2]

(iii) मनुष्य क्या करने में लगा है तथा क्यों ? [3]

(iv) मनुष्य को अपने भाग्य का सुख प्राप्त करने के लिए क्या करना होगा? [3]

Q.9 **Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–**

"पानी बाढ़ै नाव में, घर में बाढ़ै दाम।
दोऊ हाथ उलीचिये, यही सयानो काम।।
यही सयानो काम, राम को सुमिरन कीजै।
पर स्वारथ के काज, शीश आगे धर दीजै।।
कह गिरधर कविराय, बड़ेन की याही बानी।
चलिए चाल सुचाल, राखिये अपना पानी।।"

(i) सयानो किसे कहा गया है और क्यों ? उसका क्या कर्तव्य बताया गया है ? [2]

(ii) पानी की तुलना किससे की गई है ? 'दोऊ हाथ उलीचने' से कवि का क्या तात्पर्य है? [2]

(iii) 'पर स्वारथ' का क्या अर्थ है? भारतीय समाज में इसकी क्या भूमिका होती है? उदाहरण सहित लिखिए। [3]

(iv) 'चलिए चाल सुचाल राखिए अपना पानी' इस पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए तथा जीवन में इसके मूल्यों को भी स्पष्ट कीजिए। [3]

Q.10 **Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–**

"प्रभु के दिए हुए सुख इतने हैं विकीर्ण धरती पर।
भोग सके जो उन्हें जगत में कहाँ अभी इतने नर।।
सब हो सकते तुष्ट एक सा सब सुख पा सकते हैं।
चाहें तो पल में धरती को स्वर्ग बना सकते हैं।।"

(i) ईश्वर ने इस धरती पर मनुष्य के लिए क्या दिया है और कितनी मात्रा में? [2]

(ii) मनुष्य कैसे सुखी तथा सन्तुष्ट हो सकता है? [2]

(iii) प्रस्तुत कविता के द्वारा हमें क्या शिक्षा मिलती है? [3]

(iv) हम धरती को स्वर्ग कैसे बना सकते हैं? [3]

######